संख्या-56/2022/1365रासनि/23-1-21-05रासनि/21टीसी

प्रेषक,

राजेश प्रताप सिंह,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 **लखनऊ: दिनांक 07 जनवरी, 2022**

विषय- वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-58 लेखाशीर्षक-5054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से विभिन्न जनपदों के 30 मार्गों के कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के संलग्न तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित पत्रों द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणनों/प्रस्तावों के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **विभिन्न जनपदों के 30 मार्गों के कार्य हेतु कुल लागत रू0 63,09,66,000/- (रूपये तिरसठ करोड़ नौ लाख छाछठ हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति** के साथ चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-58 के **लेखाशीर्षक 5054** के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से कुल **रू0 6,30,85,000/- (रूपये छः करोड़ तीस लाख पचासी हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति** निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन निर्गत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) प्रश्नगत कार्यो की द्विरावृत्ति को रोकने की दृष्टि से प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि ये कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अंतर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है। यदि द्विरावृत्ति पायी जाय तो उस स्वीकृति को निरस्त कराते हुए संबंधित कार्य पर आवंटित धनराशि शासन को तत्काल समर्पित की जाय।

(2) प्रश्नगत कार्यो को उस समय तक प्रारम्भ न किया जाय और न ही उन पर कोई व्यय भार लिया जाय जब तक कि स्वीकृत लागत के अन्तर्गत विस्तृत आगणन गठित कर उस पर सक्षम अधिकारी द्वारा प्राविधिक स्वीकृति प्रदान न कर दी जाय। यदि यह कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती है तो समस्त उत्तरदायित्व मुख्य अभियंता/ अधीक्षण अभियंता/अधिशासी अभियंता का होगा ।

(3) अधिष्ठान व्यय की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष ही जमा की जायेगी। अधिष्ठान व्यय की धनराशि वित्त(लेखा) अनुभाग-2 के संशोधित शासनादेश सं0-ए-2-1606/दस-2014-74(4)/75,दिनांक 11.11.14 द्वारा जारी संशोधित/परिवर्तित व्यवस्था के अनुसार राजकीय विभागों द्वारा कैश क्रेडिट लिमिट (सी0सी0एल0) प्रणाली व डिपार्टमेंट क्रेडिट लिमिट (डी0सी0एल0) प्रणाली के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों पर दिनांक 01-4-2014 से सेन्टेज कार्यांश(लागत 100) का 6.875 प्रतिशत सेन्टेज/अधिष्ठान व्यय की धनराशि वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-बी-1-901/दस-2011-231/2011, दिनांक 21.03.2011 के संलग्नक में प्रदर्शित प्राप्ति लेखाशीर्षक- "1054-00-800-05-00-00"में ट्रान्सफर इंट्री डाटा क्रेडिट करके जमा की जायेगी।

(4) लेबरसेस की एक प्रतिशत धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(5) मूल्य ह्रास आरक्षित निधि की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष ही जमा की जायेगी। मूल्य ह्रास आरक्षित निधि की धनराशि शासनादेश सं0-3280(1)/23-9-05-25-20एसी/05, दिनांक 21.09.2005 एवं शासनादेश सं0-313-23-9-2013-20एसी/04टीसी, दिनांक 14.03.13 में की गई व्यवस्था के अनुसार लेखाशीर्षक"1054-सड़क तथा सेतु-800-अन्य प्राप्तियां-04-टूल्स एवं प्लाण्ट की प्राप्तियां" में जमा करायी जायेगी ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(6) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि परियोजना में जी0एस0टी0 की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष नियमानुसार जमा की जायेगी।

(7) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2022 तक कर लिया जाय। कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण पत्र दिनांक 30 अप्रैल, 2022 तक शासन को निश्चित रूप से उपलब्ध करा दिया जाय।

(8) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय, वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों, स्थायी आदेशों आदि तथा राज्य सड़क निधि नियमावली में किये गये प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाय तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में न किया जाय।

(9) राज्य सड़क निधि हेतु गठित उ0प्र0 राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं/ प्रयोजनों के लिये ही स्वीकृत/आवंटित धनराशि का उपयोग किया जायेगा । यह सुनिश्चित किया जाय कि जिन प्रयोजनों हेतु राज्य सड़क निधि से धनराशि स्वीकृत हुई है वह उसी प्रयोजन हेतु व्यय की गयी है । विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कार्य की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद कार्य की अव्यवहारिकता दर्शाते हुए स्वीकृति निरस्त
न हो।

(10) प्रश्नगत कार्य निर्धारित व अनुमोदित मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप सम्पादित कराये जाय ताकि उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। यदि किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश निर्धारित मानकों/विशिष्टियों में परिवर्तन किया जाना अपेक्षित हो तो उक्त परिवर्तन/विचलन शासन की पूर्वानुमति से ही किया जाय। प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि आगणन में किसी भी प्रकार की त्रुटि न होने पाये।

(11) विभाग द्वारा यथावश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लीयरेंस नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(12) प्रायोजनान्तर्गत यदि वन भूमि से संबंधित कार्य प्रस्तावित किया जाता है तो इस संबंध में आवश्यक वैधानिक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा।

(13) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा वित्त विभाग के शासनादेश सं0-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22.03.2021 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय प्रथमतः चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुदान सं0-58 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-58-राज्य सड़क निधि से सड़कों का निर्माण/सुदृढ़ीकरण/चौड़ीकरण-0024-वृहत निर्माण कार्य' के नामे डाला जायेगा और अन्ततः लोक लेखे के "लेखाशीर्षक-8225-सड़क एवं सेतु निधि-02-राज्य सड़क एवं सेतु निधि-101-राज्य सड़क व सेतु निधि-01-राज्य सड़क निधि" में डेबिट करते हुए समतुल्य धनराशि अनुदान सं0-58 के "भाग-4 के वसूलियों-लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय-आयोजनागत-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-58-राज्य सड़क निधि से सड़कों का निर्माण/सुदृढ़ीकरण/चौड़ीकरण (8225)-24-वृहत निर्माण कार्य' में जमा किया जायेगा ।

भवदीय,

(राजेश प्रताप सिंह)
अनु सचिव ।

E:\w-5054N 21-22

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-56/2022/1365रासनि(1)/23-1-21, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ।
2. जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।
3. मुख्य अभियंता(मुख्यालय-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
4. मुख्य अभियंता, संबंधित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग।
5. वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ ।
6. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन लि0, लखनऊ।
7. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश।
8. वेब मास्टर, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ ।
9. वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ ।
10. लोक निर्माण अनुभाग-10/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8
11. नोडल अधिकारी (ऑनलाइन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम) लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
12. गार्ड फाइल

आज्ञा से,

(राजेश प्रताप सिंह)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in

E:\w-5054N 21-22

शासनादेश सं0–56/2022/1365रासनि/23–1–21–05रासनि/21टीसी, दिनांक 07.01.2022 का संलग्नक

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र	मुख्य अभियंता (मु0–1), लो0नि0 का पत्र	जनपद	कार्य का नाम	लम्बाई (कि0मी0 में)	लागत	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
1	4512/(54–VII)समग्र वृत्त/ 2021–22, दि0 27.10.2021	बलरामपुर	महमूदनगर से इमलिया रज्जाक मार्ग का निर्माण कार्य।	2.70	210.33	21.03
2	4512/(54–VII)समग्र वृत्त/ 2021–22, दि0 27.10.2021	बलरामपुर	गाय डीह से मोहम्मदपुर सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	2.500	183.26	18.32
3	4512/(54–VII)समग्र वृत्त/ 2021–22, दि0 27.10.2021	बलरामपुर	ममारकपुर से संगम डीह, संगम डीह से कलवारन डीह तक मार्ग का निर्माण कार्य	3.600	292.83	29.28
4	4512/(54–VII)समग्र वृत्त/ 2021–22, दि0 27.10.2021	बलरामपुर	पिपरा याकूब से पश्चमी बनाई से रूखी होते हुए उल्लुपुरवा तक मार्ग का निर्माण कार्य	1.20	83.75	8.37
5	535/पी0जे0–11/40पी0जे0/प्र0क्षे0 /22 दिनांक 04.01.2022	कौशाम्बी	गुंगवा के बाग से सैय्यद सरावां रतगहा मार्ग का सुधार कार्य।	2.00	97.66	9.76
6	535/पी0जे0–11/40पी0जे0/प्र0क्षे0 /22 दिनांक 04.01.2022	कौशाम्बी	हौसी से रामदयालपुर होते हुए मलाका बसुहार सम्पर्क मार्ग का सुधार कार्य	9.500	456.06	45.60
7	535/पी0जे0–11/40पी0जे0/प्र0क्षे0 /22 दिनांक 04.01.2022	कौशाम्बी	मूरतगंज मेला बाग से कुरई घाट का सुधार कार्य	8.600	276.31	27.63
8	535/पी0जे0–11/40पी0जे0/प्र0क्षे0 /22 दिनांक 04.01.2022	कौशाम्बी	रोही भरवारी बाईपास वाया मण्डी मार्ग का सुधार कार्य	6.210	196.68	19.66
9	535/पी0जे0–11/40पी0जे0/प्र0क्षे0 /22 दिनांक 04.01.2022	प्रयागराज	ईटवा कला घोरी से सुजनी सम्पर्क मार्ग के सुधार का कार्य।	7.00	324.12	6.85
10	217(54–सी)/समग्र वृत्त/2021–22, दिनांक 04.01.2022	कौशाम्बी	उमरपुर सयैद सरावां देवेश हॉस्पिटल आन्तरिक भाग में सी0सी0 का नवनिर्माण कार्य।	0.360	68.54	32.41
11	32(54–VII)/समग्र वृत्त/2021–22, दिनांक 04.01.2022	गाजीपुर	नन्दगंज चोचकपुर मार्ग किमी.–3 से बाघी पिच रोड तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	1.50	97.14	9.71
12	32(54–VII)/समग्र वृत्त/2021–22, दिनांक 04.01.2022	गाजीपुर	गाजीपुर बनारस नेशनल हाइवे किमी–21 से देवशिहा पिपरहि तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	2.00	125.79	12.57
13	32(54–VII)/समग्र वृत्त/2021–22, दिनांक 04.01.2022	गाजीपुर	नेशनल हाईवे देवकली पम्प के सामने से होली कास स्कूल तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	2.50	153.15	15.31
14	32(54–VII)/समग्र वृत्त/2021–22, दिनांक 04.01.2022	गाजीपुर	पहाड़पुर कुबान सराय माता प्रसाद दूबे के मकान से कटघरा चौराहा बस्ती सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	1.50	95.84	9.58
15	32(54–VII)/समग्र वृत्त/2021–22, दिनांक 04.01.2022	गाजीपुर	पहाड़पुर रामपुर मांझा मार्ग से बासूचक तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	1.10	63.54	6.35
16	32(54–VII)/समग्र वृत्त/2021–22, दिनांक 04.01.2022	गाजीपुर	विशनुपुरा मरहीं सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	1.65	84.99	8.49
17	32(54–VII)/समग्र वृत्त/2021–22, दिनांक 04.01.2022	गाजीपुर	ठेहुना सम्पर्क मार्ग का निर्माण।	1.10	61.32	6.13
18	32(54–VII)/समग्र वृत्त/2021–22, दिनांक 04.01.2022	गाजीपुर	तरॉव सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	2.95	146.90	14.69
19	32(54–VII)/समग्र वृत्त/2021–22, दिनांक 04.01.2022	गाजीपुर	चित्तौरा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	2.90	122.61	12.26
20	32(54–VII)/समग्र वृत्त/2021–22, दिनांक 04.01.2022	गाजीपुर	फुलवारी हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	2.00	107.21	10.72
21	32(54–VII)/समग्र वृत्त/2021–22, दिनांक 04.01.2022	गाजीपुर	रामपुर मांझा हरिजन बस्ती से मंझरिया सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	2.00	128.19	12.81
22	4832/(54–सी)/ समग्र वृत्त/2021–22, दिनांक 17.11.2021	बलिया	देवकली प्रा0वि0से देवकली शिव मंदिर मार्ग के निर्माण का कार्य।	2.00	129.52	12.95
23	4832/(54–सी)/ समग्र वृत्त/2021–22, दिनांक 17.11.2021	बलिया	हनुमानगंज बसंतपुर मार्ग से सूर्चबदन स्कूल होते हुये मिश्रौलिया होते हुये बरई टोला तक मार्ग के निर्माण का कार्य।	3.00	212.45	21.24
24	34(54–सी) समग्र वृत्त/ 2021–22, दि0 04.01.2022	प्रयागराज	सम्राट हर्षवर्धन बुद्ध बिहार सम्पर्क मार्ग का कार्य।	0.30	179.11	17.91

E:\w-5054N 21-22

http://shasanadesh.up.nic.in

25	822(47–6)/ समग्र वृत्त/ 2020–21, दिनांक 05.02.21	गोण्डा	बी0एफ0ए0 मार्ग किमी0–54 नहर पटरी से बरईपुरवा, गुल्लूपुरवा, मेंहदी पुरवा, कोटियनपुरवा, लालापुरवा (मरउपुरवा) होते हुए फरेन्दा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	6.35	499.10	49.91
26	822(47–6)/ समग्र वृत्त/ 2020–21, दिनांक 05.02.21	गोण्डा	परसा सम्पर्क मार्ग से हरपिपरा भट्ठा, लोनियनपुरवा, लालापुरवा, दलपतपुर, कंचनपुरवा, डिहवा, भोलूपुरवा होते हुए भुड़कुड़ा तक सम्पर्क	6.45	498.91	49.89
27	1236/ (47–6)/ समग्र वृत्त/ 2020–21, दिनांक 19.02.21	गोण्डा	नरायनपुर सतिया मार्ग से खतरिया, ग्रिन्टवा, रामरूपवासतिया, बुटाह, डिधिया परसापुर होते हुए थनवा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	5.00	342.12	34.21
28	694/76(1)/ समग्र वृत्त/ 2020–21, दिनांक 29.01.21	गोण्डा	पश्चिम रेलवे क्रासिंग से बनरहा अमवा करौदी से मलियनपुरवा तक	5.50	378.71	37.87
29	5466/(54–7)/समग्र वृत्त/ 2021–22, दिनांक 21.12.21	बलरामपुर	जीतनगर से मीरनडीह बिचलाडीह होते हुए इस्मेक्अरडीह गुन्नूडीह तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	4.10	349.29	34.92
30	5466/(54–7)/समग्र वृत्त/ 2021–22, दिनांक 21.12.21	बलरामपुर	श्रीनगर से मनकाकोट होते हुए सनेहीडीह तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	4.00	344.23	34.42
	कुल योग				**6309.66**	**630.85**

(राजेश प्रताप सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

E:\w-5054N 21-22